सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 37 | इंदौर, गुरुवार 27 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जनताकहिन

### चीनी महंगी होने पर हंसते हुए क्या बोले कैलाश विजयवर्गीय !



*वो कहते चीनी छोड़ दो*
*फिर वो कहेंगे देश छोड़ दो*
*कल से कहेंगे जीना छोड़ दो...*
*wah wah*

*तुम खा नहीं सकते बीमार*
*हो इसलिए नहीं खाते चीनी*
*.. वरना खाने के मामले में*
*एक्सपर्ट तुम्हार जवाब नहीं ..*

*गरीबों के लिए चीनी तो रहने*
*दो यही तो थोड़ी मिठास बची है*
*मंत्री महोदय..*

*उसके मुस्कराने जीने में थोड़ी*
*मिठाई रहन बा*

*वरना तुम्हारे साड़ी भंडारे*
*चिल्लर के भरोसे झंडे डंडे तो*
*उठा ही रहा है वो..!*

*They say, "Give up sugar." Then they'll say, "Leave the country." And tomorrow they'll say, "Give up living." Wah, wah!*

*You don't eat sugar because you're sick and can't have it—not because you've suddenly become an expert on what people should eat!*

*For the poor, at least let sugar remain. That's one of the few little bits of sweetness they have left, Honorable Minister.*

*Let there be a little sweetness in their smiles and in their lives.*

*Otherwise, your entire system is already making them carry flags and sticks, all for the sake of a few coins..!*

### अवकाश की सूचना

रक्षाबंधन पर्व की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।

- संपादक

# नेपाल में जलप्रलय से 165 लोगों की मौत...

## 750 से ज्यादा लापता, तबाही के बाद यूपी और बिहार के सीमावर्ती जिलों में अलर्ट

**काठमांडू, नेपाल, एजेंसी।** नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में भीषण बाढ़ से भारी तबाही देखने को मिली है. नेपाल में आए इस विनाशकारी फ्लैश फ्लड में करीब 165 लोगों की मौत हो चुकी है और 750 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं. बाढ़ के कारण कई क्षेत्रों का परिवहन और संपर्क ढांचा भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 35 पुल और 45 सस्पेंशन ब्रिज बह गए हैं, जिससे कई इलाकों का संपर्क बाधित हो गया है.

इस घटना में 13 जलविद्युत परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा है और कई वाहन तेज बहाव की चपेट



में आ गए. नेपाल सेना ने प्रभावित इलाकों से 250 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला है. नेपाल में कई लोग अब भी लापता हैं. इनमें कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं. इस बीच, नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार में भी प्रशासन अलर्ट पर है. गंडक, नारायणी और कोसी नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है. यूपी के महाराजगंज और कुशीनगर समेत बिहार के संवेदनशील इलाकों में प्रशासन को अलर्ट किया गया है. गृह मंत्रालय समेत कई केंद्रीय मंत्रालय लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. बिहार के 6 जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं. वहीं, पीएम मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर बात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस मुश्किल घड़ी में भारत के लोग नेपाल के अपने भाई-बहनों के साथ मजबूती से खड़े हैं.

# चम्बल औद्योगिक प्रगति से बना रहा है नई पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालनपुर में किया गोदरेज की चौथी नवीन एकीकृत विनिर्माण इकाई का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का दिल तो है ही, अब देश-विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों के दिलों में भी बसता है। प्रसिद्ध औद्योगिक प्रक्षेत्र मालनपुर में गोदरेज की चौथी नई एकीकृत विनिर्माण इकाई का शुभारंभ उद्योग जगत के मध्यप्रदेश पर दिनों-दिन बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि चम्बल अब तेजी से बदल रहा है। प्रदेश में हो रही औद्योगिक प्रगति में चम्बल अपने इतिहास को पीछे छोड़कर अब पूरी क्षमता से अपनी एक नई पहचान बना रहा है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की चौथी नवीन एकीकृत औद्योगिक (विनिर्माण) इकाई का शुभारंभ किया। गोदरेज ग्रुप द्वारा लगभग 450 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश से स्थापित यह इकाई मध्यप्रदेश में बढ़ते औद्योगिक विश्वास और ग्वालियर-चंबल अंचल में बदलते निवेश परिदृश्य का महत्वपूर्ण प्रतीक है। गोदरेज की इस चौथी नई एकीकृत विनिर्माण इकाई में 600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र के बदलते स्वरूप के बारे में कहा कि चंबल की भूमि बेहद उपजाऊ है। आज लगातार यहां नई-नई औद्योगिक इकाइयां लग रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोदरेज ने लगभग तीन दशक पहले मालनपुर में पहली इकाई स्थापित करते समय चुनौतियों के बजाय संभावनाओं को देखा। आपने बीहड़ नहीं, भविष्य देखा। चुनौती नहीं, संभावना देखी। उन्होंने कहा कि गोदरेज का यह 450 करोड़



रुपये का निवेश 'मेड इन एमपी' और 'फेथ इन एमपी' का उत्कृष्ट उदाहरण है। मालनपुर अब ग्वालियर-चंबल के औद्योगिक विकास का कैटेलिस्ट बन रहा है। यहां टॉय से लेकर टायर तक के उद्योग विकसित हो रहे हैं। एलेक्सर इंडस्ट्रीज द्वारा 1500 करोड़ रुपये का निवेश, गौतम सोलर की सोलर सेल निर्माण इकाई तथा मवई में ग्लास मैन्युफैक्चरिंग इकाई सहित अनेक परियोजनाएं क्षेत्र के औद्योगिक विस्तार को गति दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मैन्युफैक्चरिंग महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में मिले निवेश प्रस्तावों में से 30 प्रतिशत से अधिक निवेश धरातल पर उतर चुका है। राज्य में उत्पादित करीब 76 हजार करोड़ रुपए के उत्पाद/ कंज्यूमर प्रोडक्ट्स अब सात समंदर पार निर्यात किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारा मध्यप्रदेश देश का सबसे तेज गति से औद्योगिक प्रगति हासिल करने वाला राज्य बन गया है। मध्यप्रदेश की बेरोजगारी दर पूरे देश में सबसे कम है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और निवेशकों को जनवरी 2027 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि आइए, मप्र में उद्योग लगाइए और अपना बिजनेस भी बढ़ाइए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गोदरेज का सफर राज्य की औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्धता और उद्योगों के साथ स्थायी पार्टनरशिप का प्रमाण है। वर्ष 1991 में मालनपुर में अपनी पहली इकाई की स्थापना से लेकर आज अपने विस्तारित मैन्युफैक्चरिंग हब के उद्घाटन तक गोदरेज कंपनी ने लगातार मध्यप्रदेश में रोजगार निर्माण, औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि में अपना योगदान दिया है। आज के शुभारंभ से मालनपुर को एशिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड सोप मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री का गौरव हासिल हो गया है। प्लांट के कर्मचारियों में महिलाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में इस पार्टनरशिप को और अधिक मजबूत करने में यह इकाई महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मध्यप्रदेश बदल रहा है। यहां लगातार औद्योगिक निवेश आने और फैक्ट्रियों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन का क्रम जारी है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में पिछले करीब दो महीने में आज तीसरी औद्योगिक ईकाई का शुभारंभ हो रहा है। पहले गुना में लगभग 1500 करोड़ के निवेश से सीमेंट प्लांट, शिवपुरी में डिफेंस सेक्टर के मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट और आज मालनपुर में 450 करोड़ के निवेश से गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की नई यूनिट का शुभारंभ हुआ है। विभिन्न इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में हमारी सरकार ने औद्योगिक समूहों के साथ एमओयू किए हैं, जो आज मूर्तरूप ले रहे हैं। एशिया की सबसे बड़ी साबुन फैक्ट्री अब मालनपुर में है, यहां प्रति मिनट 4000 साबुन तैयार हो सकते हैं।

# हाईकोर्ट ने भगवान श्रीराम को माना संपत्ति का मालिक

## राजस्व विभाग संभालेगा प्रबंधन, रतनदास रहेंगे पुजारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन जिले के खाचरौद स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर से जुड़े करीब 68 साल पुराने विवाद पर मंगलवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति विनय सराफ ने ट्रायल कोर्ट का फैसला निरस्त करते हुए अपील आंशिक रूप से मंजूर की।

अदालत ने मंदिर और उससे जुड़ी चल-अचल संपत्तियों का मालिक स्वयं भगवान श्रीराम के देवता को माना है। वहीं मंदिर का प्रबंधन राज्य के राजस्व विभाग के अधीन रहने और औकाफ विभाग को पुजारी नियुक्त करने का अधिकार स्वीकार किया है। मामले की शुरुआत 1954 में हुई, जब रतनदास ने खाचरौद के श्रीराम मंदिर के प्रबंधन और पूजा-अर्चना से जुड़े अधिकारों को लेकर सिविल वाद दायर किया था। ट्रायल कोर्ट ने 1968 में वाद खारिज कर दिया। इसके बाद 3 अक्टूबर 1968 को प्रथम अपील क्रमांक 59/1968 हाईकोर्ट में दाखिल हुई, जो 25 अगस्त 2026 तक लंबित रही।

रिकॉर्ड के मुताबिक मंदिर के प्रबंधन को लेकर विवाद बढ़ने पर महंत मुरलीदास ने 1930 में औकाफ विभाग से मंदिर और उसकी संपत्तियों को संरक्षण में लेने का अनुरोध किया था। 15 अक्टूबर 1930 को औकाफ विभाग ने मंदिर का प्रबंधन अपने अधीन ले लिया और मुरलीदास को पुजारी नियुक्त किया। उनकी मृत्यु के बाद रतनदास ने उत्तराधिकारी के रूप में अपना दावा किया। रामानंद संप्रदाय के साधुओं द्वारा भेख समारोह के जरिए उन्हें महंत की गद्दी के लिए नामित किए जाने की बात भी सामने आई। हाईकोर्ट ने मंदिर को प्राचीन धार्मिक स्थल माना। यहां श्रीराम, जानकीजी, लक्ष्मणजी, हनुमानजी, लक्ष्मीनारायणजी और गोपालजी की प्रतिमाएं विराजित हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि मंदिर और उससे जुड़ी चल-अचल संपत्तियों के स्वामी देवता स्वयं हैं। फैसले के अनुसार श्रीराम मंदिर, राममोहल्ला, खाचरौद का प्रबंधन राज्य के राजस्व विभाग के अधीन रहेगा, जबकि औकाफ विभाग को पुजारी नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त था।

रतनदास को पुजारी के रूप में मान्यता

अदालत ने रतनदास के उस दावे को स्वीकार किया कि वह मंदिर के पुजारी रहे हैं। मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों से उनकी नियुक्ति और मंदिर का प्रभार सौंपे जाने की पुष्टि हुई। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की उस राय को सही नहीं माना, जिसमें रतनदास का पुजारी के रूप में दावा पर्याप्त रूप से साबित नहीं होना बताया गया था। हालांकि महेश्वरी समाज के सदस्यों को अदालत ने मंदिर का श्रद्धालु माना, लेकिन उन्हें मंदिर में हस्तक्षेप से रोकने के लिए स्थायी निषेधाज्ञा जारी करने की मांग स्वीकार नहीं की।

इस मामले में हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 10 जुलाई 1993 को रतनदास के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने 26 फरवरी 2020 को 1993 का हाईकोर्ट फैसला निरस्त कर सभी मुद्दों पर नए सिरे से निर्णय के लिए मामला वापस भेज दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने मंदिर की स्थापना, संपत्ति के स्वामित्व, रतनदास की नियुक्ति, भेख समारोह, औकाफ विभाग की भूमिका और महेश्वरी समाज के अधिकारों समेत सभी प्रमुख बिंदुओं पर दोबारा सुनवाई की और अब फैसला सुनाया।

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर ओवरलोड और अधिक किराया वसूलने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

# 1.24 लाख रुपए वसूला जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन के मद्देनजर परिवहन विभाग ने यात्री बसों की जांच की। यह कार्रवाई रेडिसन चौराहा एवं स्टार चौराहा रोड क्षेत्र में की गई।

अभियान के दौरान क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन करने वाले यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष रूप से कार्रवाई की गई। रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यात्री वाहन संचालकों को निर्देश दिए गए कि बसों में ओवरलोडिंग कर सवारियां न बैठाएं तथा निर्धारित किराए से अधिक किराया वसूल न करें।

बिना वैध परमिट संचालित वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। बस क्रमांक BR-06 PH-1195 को बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जब्त किया गया। नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 1,24,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

जांच के दौरान एक बस बिना पंजीयन के संचालित पाई गई, जिसे मौके पर जब्त कर लिया गया। अन्य बसों में अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की जांच की गई। संचालकों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग ने कहा कि यात्रियों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन, अधिक किराया वसूली, बिना परमिट, बिना पंजीयन एवं सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी उक्त कार्यवाही आकाश सिटोले परिवहन निरीक्षक, इंदौर द्वारा की गई।

कीचड़ में बैठ गए शहर कांग्रेस अध्यक्ष

# दो साल से अधूरी है सड़क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। शहर के बॉम्बे हॉस्पिटल सर्विस रोड की खस्ताहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस ने निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर की बदहाल सड़कों और गड्ढों के कारण हो रही जन परेशानी की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कांग्रेस नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे बुधवार सुबह 10 बजे कीचड़ से भरी सड़क पर धरने पर बैठ गए। रहवासियों का आरोप है कि पिछले 2 वर्षों से वे इस दयनीय स्थिति का सामना कर रहे हैं, क्योंकि ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत अब तक नहीं कराई गई है।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने बुधवार को नगर निगम प्रशासन और महापौर को नींद से जगाने के लिए अनूठा प्रदर्शन किया। चिंटू चौकसे ने कहा कि बॉम्बे हॉस्पिटल के पास स्थित यह सर्विस रोड बीते कई समय से बेहद खराब स्थिति में है। यहां से गुजरने वाले आम नागरिकों और वाहन चालकों को हर दिन दुर्घटनाओं और भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व ड्रेनेज लाइन डालने के लिए इस सड़क की खुदाई की गई थी, जिसके बाद से इसे अपने हाल पर छोड़ दिया गया। बारिश के मौसम में यह सड़क कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे आए दिन लोग गाड़ियों समेत गिरकर चुटिल हो रहे हैं। चौकसे ने कहा कि यह केवल एक क्षेत्र की बात नहीं है, बल्कि इंदौर शहर के कई इलाकों में सड़कों का यही हाल है।कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि अगले 5 दिनों के भीतर इस सड़क की स्थिति को सुधार कर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी और शहर में चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि शहर भर की सभी खस्ताहाल सड़कों की अविलंब मरम्मत की जाए।

# यूनिफार्म बदलकर निकली नर्सें चेंजिंग रूम में घुस गया था युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। सरकारी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मंगलवार शाम को हुए हंगामे का वीडियो सामने आया है। 60 वर्षीय मरीज ताहिरा कपाड़िया की मौत के बाद परिजनों ने ICU में डॉक्टरों से मारपीट की थी। नर्सों को छिपना पड़ा था।

पूरा घटनाक्रम शाम 6.30 बजे से शुरू हुआ, जो रात करीब 10.30 बजे तक चला। सामने आए वीडियो में एक महिला जबरन आईसीयू का गेट खोलती दिख रही है। वहीं, दूसरे वीडियो में हंगामे के बीच एक युवक चेंजिंग रूम तक घुस गया था, जिसे वहां से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि नर्सेस और डॉक्टर आईसीयू के अंदर बने चेंजिंग रूम और अन्य कक्ष में दरवाजे को अंदर से लॉक कर बैठे रहे। हंगामे से बचकर बाहर निकलने के लिए नर्सेस ने अपनी यूनिफार्म बदलकर सिविल ड्रेस पहनी और फिर यहां से निकलकर अस्पताल से बाहर निकली। पूरे घटनाक्रम के बीच दूसरे मरीजों में भी दहशत फैल गई थी, एक मरीज तो बेड़ से उठकर बाहर निकल गया। बाद में स्टाफ ने उसे ढूंढकर वापस भर्ती किया। मामले में अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को भी शिकायत का आवेदन भेजा है।घटना के अगले दिन बुधवार को भी अस्पताल की सुरक्षा बढ़ी रही। अस्पताल में ग्राउंड फ्लोर से लेकर छठीं मंजिल तक बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। नर्सेस भी काम करने में डरने लगी। अस्पताल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों से पूछताछ की गई, मुख्य और एमरजेंसी गेट के अलावा सभी गेट बंद कर दिए गए। वाहनों पर भी निगरानी रखी गई।अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि हंगामे के बीच आईसीयू के अंदर मरीज के परिजनों ने प्रवेश किया। यहां रखी दवाई की बोतले उन्होंने नीचे फैंक दी। साथ ही काउंटर पर चढ़ने का भी प्रयास किया गया। मामले में स्थिति को संभालने के लिए पुलिस पहुंची और उन्होंने पोस्टमार्टम करवाने का कहा, लेकिन परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव को लेकर गए। इस समय आईसीयू में 11 मरीज भर्ती है।

# बिल्डर मटेरियल सप्लायर से 1.5 लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। परदेशीपुरा इलाके में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने खुद को पीड़ित का दोस्त धर्मेंद्र जाट बताकर कॉल किया और उसकी मां को CHL अस्पताल में भर्ती होने की बात कही। इसके बाद डॉक्टर बनकर अलग नंबर से बात की और इलाज के नाम पर रुपए मांगे। झांसे में आए बिल्डर मटेरियल सप्लायर संजय ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन में करीब 1.5 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में दोस्त से बात करने पर ठगी का पता चला। संजय की शिकायत पर परदेशीपुरा पुलिस ने मंगलवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है। संजय ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की शाम करीब 6 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दोस्त धर्मेंद्र जाट बताते हुए कहा कि वह CHL अपोलो अस्पताल में है और उसकी मां को हार्ट अटैक आया है। बातचीत के दौरान एक व्यक्ति को उसका बेटा बताकर भी बात कराई गई। जल्दबाजी में संजय आवाज पहचान नहीं सका।इसके बाद दूसरे व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर उमंग सिंह बताया। उसने इलाज के लिए करीब डेढ़ लाख रुपए की जरूरत बताकर एक नंबर दिया और उस पर रुपए भेजने को कहा।

# नीति अग्निहोत्री की पांचवीं किताब जीवन के इंद्रधनुषी रंग कहानी संग्रह लोकार्पित




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संस्था अखंड संडे के तत्वा वधान में लेखिका नीति अग्निहोत्री की पाँचवी किताब 'जीवन के इंद्रधनुषी रंग' कहानी संग्रह का लोकार्पण हिंदी साहित्य समिति में किया गया।**

कृति संपादक मुकेश इन्दौरी ने कहा कि इस संग्रह में 20 क हानियों को संकलित किया गया है। इन कहानियों में जीवन के विविध अनुभवों, संवेदनाओं और मानवीय रिश्तों के अनेक रंग दिखाई देते हैं। अधिकतर कहानियां स्त्री विमर्श पर केन्द्रित हैं। इन कहानियों में नारी जीवन की चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से समाधान के साथ प्रस्तुत किया गया है। ये कहानियां कहीं खुशियों के फूल खिलाती हैं तो कहीं विषम परिस्थितियों से परिचित कराती हैं। इंद्रधनुषी रंग जीवन की विविधता और उसकी खूबसूरती के प्रतीक हैं। ये संग्रह जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने और सुख-दुख के हर रंग को सहजता से स्वीकारने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रो. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, नरेंद्र मांडलिक, डॉ. सुभा चौहान, सुषमा व्यास सहित कई साहित्यकार उपस्थित थे।

### हंसकर बोले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राखी भी बंधवाई

# '90 प्रतिशत लोग मीठा खाना पसंद नहीं करते, मैं चाहता हूं शक्कर महंगी हो'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बुधवार को इंदौर में वृद्धजनों और दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने उन्हें राखी बांधी। मंत्री ने भी बच्चों के साथ समय बिताया और अंताक्षरी खेलकर माहौल को खुशनुमा बनाया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और काफी देर तक उनके बीच रहे।**

कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजयवर्गीय से विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को लेकर सवाल किए गए। कांग्रेस के सड़क की खराब स्थिति को लेकर कीचड़ में बैठकर किए गए प्रदर्शन पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंदौर में बहुत बढ़िया-बढ़िया सड़कें बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के सामने वाली सड़क पर जाकर लोट लगाएं, अगर वह सड़क खराब है तो उसे भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सड़कें अच्छी हैं, उन पर इंजॉय करना चाहिए।शक्कर की बढ़ती कीमतों को लेकर सवाल पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि कीमत कल-परसों 70 रुपये थी, आज 60 रुपये है और आगे और कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आजकल करीब 90 प्रतिशत लोग मीठा खाना पसंद नहीं करते। अपने उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वे खुद मीठा नहीं खाते, रमेश और राजेंद्र जी भी मीठा नहीं खाते। मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा कि वे तो चाहते हैं कि शक्कर खूब महंगी हो जाए, लेकिन बच्चों के लिए यह नियंत्रित कीमत पर सस्ती मिलनी चाहिए।पर्यावरण और ग्रीन एनर्जी को लेकर भी मंत्री ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े देशों की बैठक में पर्यावरण प्रमुख विषयों में शामिल रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन एनर्जी को लेकर किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में सोलर पावर सहित कई ग्रीन एनर्जी के काम हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के यूक्रेन में भी एक पेड़ लगाने के संकल्प का जिक्र किया। इसी क्रम में मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया। अमेरिका की ओर से भारतीयों के वीजा पर रोक लगाए जाने से जुड़े सवाल पर मंत्री विजयवर्गीय ने चुटकी लेते हुए कहा कि जो हमारे ट्रंप फूफा हैं, वे सुबह क्या करेंगे और शाम को क्या करेंगे, यह किसी को मालूम नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए वे इस मामले पर कोई जवाब नहीं देंगे। वहीं, सिंगरौली विधायक द्वारा गाड़ी धुलवाने से जुड़े मामले पर सवाल पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का अंदाज बेबाक और सहज नजर आया।



#### गाया...आजा तुझको पुकारे मेरा प्यार

रक्षाबंधन का त्योहार बुधवार को परदेशीपुरा स्थित आस्था वृद्धाश्रम में कुछ अलग ही अंदाज में मनाया गया। यहां राखी की खुशियां उन बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के साथ बांटी गईं, जिन्हें अपनों के साथ और स्नेह की सबसे ज्यादा जरूरत है। मौका मिला तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गीत छेड़ दिया- 'आजा तुझको पुकारे मेरा प्यार...'। फिर क्या था, अंताक्षरी शुरू हुई और देखते ही देखते माहौल गीत-संगीत से सराबोर हो गया। पिछले 43 सालों से आस्था वृद्धाश्रम में रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा रहा है। इस बार भी आओ बनाएं रक्षाबंधन अपनों के संग अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों ने बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के साथ त्योहार मनाया। कार्यक्रम में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने जनप्रतिनिधियों की कलाई पर राखी बांधी। इसके पूर्व अंताक्षरी का दौर में मंत्री विजयवर्गीय ने कई गीत गाकर समा बांध दिया और पूरा माहौल संगीतमय हो गया। अंताक्षरी में जनप्रतिनिधियों और आश्रम में मौजूद बुजुर्गों व दिव्यांगजनों ने भी सुर से सुर मिलाए। अंताक्षरी के गीतों पर वे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ जमकर थिरके। उनके चेहरे पर मुस्कान और उत्साह ने पूरे आयोजन को पारिवारिक रंग दे दिया

# दो भूखंड के फर्जी दस्तावेज से लिया लाखों का लोन

### दंपति सहित पांच लोगों पर जांच के बाद दर्ज की एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **अन्नपूर्णा पुलिस ने दो भूखंडों के मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार कर निजी बैंक से लाखों रुपए का लोन लेने के आरोप में 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच के बाद यह कार्रवाई की।**

पुलिस के मुताबिक पंचशील नगर निवासी अंकित मिश्रा और आलोक मेहता की शिकायत पर संदीप कुमार मिश्रा निवासी डीबी सिटी फेस-1, दुर्गेश पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी देवास रोड, मंजू खंडेलवाल, जय खंडेलवाल और मोहम्मद अल्ताफ निवासी माणिकबाग के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि देवेंद्र नगर का एक भूखंड अंकित मिश्रा ने 15 मार्च 2023 को डॉक्टर राजकुमार श्रीवास्तव से खरीदा था। वहीं, आलोक मेहता ने भी 31 मार्च 2023 को डॉक्टर राजकुमार से एक भूखंड खरीदा था। दोनों ने भूखंडों पर कब्जा ले लिया था और राजस्व भी जमा कर रहे थे। बाद में अंकित और आलोक को पता चला कि उनके भूखंडों की रजिस्ट्री 30 मार्च 2023 को ही मंजू खंडेलवाल और उनके पति जय खंडेलवाल के नाम हो चुकी है। आरोप है कि इन भूखंडों के आधार पर 58 लाख रुपए का लोन लिया गया था। इसके बाद दोनों ने हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के गीताभवन स्थित कार्यालय में शिकायत की। पुलिस जांच में सामने आया कि मंजू और जय ने 70 लाख रुपए के लोन के लिए आवेदन किया था। इसमें आफताब खान पैनल अधिकारी नियुक्त थे। उन्होंने 58 लाख रुपए का लोन स्वीकृत किया। इसमें 25 लाख रुपए जय के अकाउंट में डाले गए, जबकि प्रक्रिया के तहत 30 लाख रुपए दुर्गेश शर्मा के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। वहीं, 3 लाख रुपए अन्य खर्चों में समायोजित किए गए। फाइल की प्रक्रिया कुलदीप सिकरवार ने की थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिन दस्तावेजों के आधार पर भूखंड दंपति को बेचे गए थे, वे रिकॉर्ड में मौजूद ही नहीं थे। इसके अलावा जिस संस्था ने कॉलोनी विकसित की थी, उसके पास भी मंजू और जय से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने जांच के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## बैंक अफसर की पत्नी ने फांसी लगाई, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमजी रोड इलाके में एक बैंक अधिकारी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बीमारी से परेशान थीं और इसी वजह से डिप्रेशन में थीं। पुलिस ने रात में लोगों की मदद से शव को बिल्डिंग से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

एमजी रोड टीआई विजय सिसौदिया के मुताबिक, भंडारी ब्रिज के पास रूबल रेबो रेसीडेंसी है। यहां मंगलवार रात सुप्रिया (45) पति सुधीर श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय उनके पति किसी काम से बिल्डिंग से बाहर गए थे। इसी दौरान उन्होंने यह कदम उठा लिया। रात करीब 10 बजे पुलिस को घटना की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो सुसाइड नोट मिला। इसमें सुप्रिया ने लंबे समय से शारीरिक दुर्बलता से परेशान होने और इसके चलते डिप्रेशन में जाने का जिक्र किया है। साथ ही इसी कारण से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुप्रिया अपने पति के साथ बिल्डिंग की 12वीं मंजिल पर रहती थीं। पुलिस के मुताबिक, सुप्रिया के पति सुधीर बैंक में पदस्थ हैं। परिवार में एक बेटी है, जो वनस्थली में पढ़ाई कर रही है। घटना की जानकारी बेटी को भी दे दी गई है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## एसी खराब होने से परेशान हुए यात्री

**इंदौर**। दिल्ली से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX1090 बुधवार को 3 घंटे से अधिक देरी का शिकार हो गई। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली से दोपहर 1:10 बजे उड़ान भरने वाली इस फ्लाइट को पहले दोपहर 3:00 बजे के लिए रीशेड्यूल किया गया था, लेकिन इसके बाद भी विमान उड़ान नहीं भर सका। विमान में देरी के साथ-साथ यात्रियों की दिक्कतें तब और बढ़ गईं जब विमान के अंदर का एसी काम करना बंद कर दिया। भीषण गर्मी और उमस के बीच यात्रियों को राहत पाने के लिए पैंफलेट्स से हवा करने पर मजबूर होना पड़ा। लंबे समय तक विमान के रवाना होने का इंतजार कर रहे यात्रियों में इस स्थिति को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला।

## पेड़ से लटका मिला शव

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर**। लसूड़िया इलाके में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। घटना सेटेलाइट जंक्शन के पास की है। पुलिस को बुधवार रात करीब 12 बजे खाली मैदान के पास पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। मृतक की पहचान दयाराम कटारिया के रूप में हुई है। वह नजदीक की कॉलोनी में रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Confidential Investigation & All type of Detective Services
DETECTIVE GROUP
+91-91110 50101
★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
★ Post-Marital Check
★ Individual Character (Personal Cases)
★ Missing Persons Investigation
★ Financial Services Industry
★ Background Investigation
★ Attorneys& Legal Services
★ Investigation (Audio / Video)
★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
★ Real Estate Fraud Investigation
★ Corporate & Financial Investigation Services
★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
★ Individual Clients Missing / Kidnapped
★ Background Investigation
★ Criminal Record Check
★ Cyber Fraud Investigation
★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

## दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के 30 कछुए जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इंदौर इकाई ने कार्रवाई करते हुए 30 कछुओं के अवैध व्यापार में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को विशेष न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इंदौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें फॉरेस्ट रिमांड पर लिया गया है। मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहन गौड़, पिता कमल गौड़, निवासी मूसाखेड़ी, इंदौर और केशव शर्मा, पिता विमल शर्मा, निवासी मूसाखेड़ी, इंदौर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी दुर्लभ वन्यजीवों की अंतर्राज्यीय स्तर पर तस्करी कर रहे थे। उनके कब्जे से 14 इंडियन स्टार टॉरटोइज़, 10 इंडियन रूफ्ड टर्टल और 6 स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल (कुल 30 कछुए) बरामद किए गए। उनके कब्जे से इसके साथ ही 3 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। बरामद सभी वन्यजीव प्रजातियां वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के अंतर्गत संरक्षित हैं। इनके अवैध व्यापार एवं तस्करी के लिए 3 से 7 वर्ष तक के कारावास तथा न्यूनतम 25 हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

# लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बांधी स्नेह और विश्वास से भरी राखियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने स्नेह और विश्वास से भरी राखियाँ बांधी। इन राखियों के पवित्र धागों ने जहां भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को सुदृढ़ किया। वहीं प्रदेश की हर बहन के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प को और मजबूत किया।**

रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाडली बहना योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि देने के लिए ग्वालियर की लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्वालियर विमानतल पर तैनात सीआईएसएफ की दो महिला सुरक्षा कर्मियों ने राखियां बांधीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ललाट पर लाड़ली बहनों ने रोली का तिलक लगाकर राखी बांधी मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बहन और भाई का रिश्ता केवल एक पर्व तक सीमित नहीं है, यह जीवनभर के स्नेह, विश्वास और जिम्मेदारी का रिश्ता है। राखी का यह पवित्र धागा हमें निरंतर याद दिलाता रहेगा कि



मध्यप्रदेश की प्रत्येक बहन उनके परिवार का हिस्सा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की हर बहन के चेहरे पर मुस्कान हो, बेटियां सुरक्षित रहें, आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को पूरा करते हुए आगे बढ़ें, इसके लिए प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

एयर टर्मिनल पर तैनात महाराष्ट्र निवासी सुश्री रासकर अश्विनी और राजस्थान निवासी सुश्री पूनम यादव इस बार रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं जा पा रही हैं। अपनों से दूर होने की कसक उनके मन में थी, लेकिन मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते ही उनकी आंखें नम हो गईं। दोनों ने भावुक होकर कहा मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर हमें भाई की कमी महसूस नहीं होने दी। लाड़ली बहनों के विश्वास और मुख्यमंत्री की आत्मीयता से रक्षाबंधन का यह अवसर स्नेहिल भावनाओं से भर उठा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भिंड जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में गोदरेज की चौथी यूनिट का शुभारंभ करने आए थे। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ट्रांजिट विजिट पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पहुंचे थे। इस अवसर पर कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बघेल, जीडीए के अध्यक्ष मधुसूदन सिंह भदौरिया, महर्षि पतंजलि बोर्ड के अध्यक्ष कौशल शर्मा, नगर निगम सभापति मनोज तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की 3 बच्चियों की उल्टी-दस्त से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इटारसी, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ की 3 बच्चियों की उल्टी-दस्त से मौत हो गई। इंदौर के बेटमाे थाना क्षेत्र में फूड पॉइजनिंग के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन 2 बच्चियों ने इंदौर और तीसरी ने इटारसी में दम तोड़ दिया। तीनों एक ही परिवार की थीं।

बेटमा पुलिस के मुताबिक, तीनों बच्चियों की उम्र 10, 8 और 5 साल बताई गई है। इनमें से दो ने इंदौर में दम तोड़ा, जबकि तीसरी की तबीयत छत्तीसगढ़ ले जाते समय बिगड़ गई। उसे इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। तीनों बच्चियां मूल रूप से जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ की रहने वाली थीं। परिजन के मुताबिक, पीथमपुर की एलएनटी कंपनी में कार्यरत नरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी अमरोतिन के परिवार ने रात करीब 2 बजे दाल, चावल, रोटी और सब्जी खाई थी। खाना खाने के तुरंत बाद उनकी तीनों बेटियों को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। तबीयत बिगड़ने पर बच्चियों को अस्पताल ले जाया गया। इंदौर के अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन दोनों के शव एंबुलेंस से पैतृक गांव जांजगीर-चांपा ले जाने के लिए रवाना हुए।

## महाकालेश्वर मंदिर में कांवड़ियों का हंगामा रैलिंग फांदकर नंदीगृह में जबरन घुसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब इंदौर से आए कावड़ यात्रियों और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि कुछ कावड़ यात्री नंदीहाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।**

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि नंदीहाल में प्रवेश से रोकने पर विवाद बढ़ गया। कावड़ यात्रियों और सुरक्षाकर्मियों



के बीच धक्का-मुक्की हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद अन्य श्रद्धालुओं के बीच भी कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। विवाद के दौरान मंदिर की निजी सुरक्षा एजेंसी में तैनात एक गार्ड घायल हो गया। उसके सिर में चोट लगने के बाद तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि भीड़भाड़ वाले समय में इस तरह की स्थिति को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं किए गए। मामले में सामने आई जानकारी के अनुसार, इंदौर से आए कावड़ यात्रियों में कुछ लोग विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े बताए जा रहे हैं। हालांकि घटना में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका और पहचान की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

घायल कर्मचारी रोहित ने बताया कि बजरंग दल के लोग डाक कावड़ लेकर मंदिर के नगाड़ा द्वारा से अंदर आए। हमने रोकने की कोशिश की तो बैरिकेड तोड़कर नंदीहाल में घुसने लगे। बैरिकेड हमारे ऊपर गिरा दिया। जिससे मेरा पैर फैक्चर हुआ है। मेरे साथी कर्मचारियों का सिर फूटा है। वह करीब 50 से 60 लोग थे।

## प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर चिप यूनिट उज्जैन में लगेगी

### पारस डिफेंस 55 एकड़ जमीन पर 6,200 करोड़ का निवेश करेगी, 7 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मध्यप्रदेश को सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली यूनिट उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में स्थापित होने की तैयारी है। पारस डिफेंस कंपनी ने यूनिट के लिए एमपीआईडीसी से करीब 55 एकड़ जमीन मांगी है। जमीन और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भूमि पूजन की तैयारी है।**




एमपीआईडीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश राठौर ने बताया कि कंपनी उज्जैन में करीब 6,200 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इसके लिए जमीन की प्रक्रिया चल रही है। कंपनी के अधिकारी उज्जैन आकर प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण भी कर चुके हैं। यूनिट शुरू होने के बाद यहां से सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण किया जाएगा। इससे उज्जैन प्रदेश में सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। चिप की जरूरत वाली देश-विदेश की कंपनियों के लिए भी उज्जैन एक अहम सप्लाई हब के रूप में विकसित होने की संभावना है।

प्रस्तावित यूनिट से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 7 हजार लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। इससे उज्जैन में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े नए उद्योगों के आने की संभावना भी बढ़ेगी।

## रतलाम में जमीन विवाद के बाद युवक ने कीटनाशक पीया, मौत

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के सरवनीखुर्द निवासी शंकर गरवाल (45) की कीटनाशक पीने से मौत हो गई। परिजनों और जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के लोगों ने बाजना रोड पर शव रखकर प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक सड़क पर विरोध के कारण दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। परिजनों के अनुसार, शंकर गरवाल पिता शंकरसिंह 23 अगस्त को अपने खेत की जमीन के पास कीटनाशक पी लिया था। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। 25 अगस्त दोपहर बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन का आरोप है कि शंकर की खेती की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

## संपादकीय

### शी जिनपिंग की भारत यात्रा: निवेश और कूटनीति का नया ढांचा

भारत और चीन के रिश्ते डामाडोल स्थिति में है। ऐसे में BRICS सम्मेलन में शी जिनपिंग के भारत आने पर राजनयिक संबंधों में नए स्तर पर सुधार देखने को मिल सकता है। भारत और चीन निवेश को लेकर नया फ्रेमवर्क बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस घटना के जुड़े सूत्रों के मुताबिक 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस दौरान बीजिंग भारत के लिए एक निवेश पैकेज का का ऐलान कर सकता है। इसमें समुद्री मार्ग तक आसान पहुंच वाला एक विशेष आर्थिक क्षेत्र भी शामिल है। शी जिनपिंग नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसकी नींव एनएसए अजीत डोभाल की हाल ही में पूरी हुई बीजिंग यात्रा के दौरान रखी गई। कहा जा रहा है कि प्रमुख ईवी निर्माता बीवाईडी सहित अपनी इलेक्ट्रिक गाड़ियों को भारतीय बाजार में बीजिंग बढ़ावा दे सकता है। ये पूरी डवलपमेंट ऐसे समय सामने आया है, जब चीन लगातार सप्लाई चेन का इस्तेमाल हथियार की तरह कर रहा है। इसमें एक प्रस्ताव यह भी सामने आ सकता है कि भारत में चीन की फंडिंग से बनने वाले प्रस्तावित एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन से तीसरे देशों को भी एक्सपोर्ट किया जाए। इन्वेस्टमेंट पैकेज शायद बहुत बड़ा न हो, क्योंकि दोनों देश अभी 6 साल की खामोशी के बाद अपने रिश्तों को धीरे-धीरे बेहतर बनाने और मतभेदों को सुलझाने पर ध्यान दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक चीन 2019 के बाद शी जिनपिंग की पहली भारत यात्रा का पूरा फायदा उठाना चाहता है। पड़ोसी देश एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन समेत संभावित इन्वेस्टमेंट के बारे में घोषणाएं करने का इच्छुक है। नॉन-स्ट्रैटेजिक सेक्टर में चीनी इन्वेस्टमेंट के लिए मंजूरी की प्रक्रिया को और आसान बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। काफी ढील पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन कुछ और कदम उठाने की गुंजाइश हो सकती है।

धर्म-कर्म

# रक्षाबंधन कब है?

## जानें कब से सावन पूर्णिमा लगने जा रही है जिसमें भाई-बहन मनाते हैं राखी का त्योहार

रक्षाबंधन भाई-बहनों के प्रेम, विश्वास और रक्षा का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु और मंगल की कामना करती हैं। साथ ही, भाई उपहार के साथ ही उन्हें उनकी रक्षा का वचन देते हैं। हर साल रक्षाबंधन का त्योहार सावन मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 27 अगस्त से 28 अगस्त तक व्याप्त रहेगी। ऐसे में भाई-बहन राखी का पर्व किस दिन मनाएंगे, इस बारे में जानने के लिए आइए पंडित राकेश झा से विस्तार से जानते हैं कि सावन पूर्णिमा कब से लग रही है, जिसमें राखी का त्योहार मनाया जाता है।

### रक्षाबंधन कब है?

पंचांग के अनुसार, वैसे तो पूर्णिमा तिथि का आरंभ आज सुबह 9 बजकर 9 मिनट से ही हो चुका है। लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार आज नहीं मनाया जाएगा क्योंकि, इस दिन सूर्योदय से पूर्णिमा की शुरुआत नहीं हो रही है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार अगले दिन यानी 28 अगस्त, शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाना शास्त्र सम्मत होगा। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधते हुए उनके मंगल की कामना करती हैं।

### सावन पूर्णिमा कब से लग रही है?

पंडित राकेश झा बताते हैं कि पंचांग के अनुसार, सावन पूर्णिमा जिसमें भाई-बहन राखी का त्योहार मनाते हैं वह 28 अगस्त, शुक्रवार के दिन सुबह में भी व्याप्त रहेगी और इसका समापन सुबह 9 बजकर 49 मिनट पर होगा। 28 अगस्त सूर्योदय में सावन पूर्णिमा व्याप्त रहने से इसी दिन बहन-भाई राखी का त्योहार मनाएंगे।



### रक्षाबंधन पर भाई से पहले भगवान को करें राखी अर्पित



**भगवान गणेश** : भाई को राखी बांधने से पहले पूजा और भगवान को राखी अर्पित करने का विधान बताया गया है। ऐसे में सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करने के बाद सर्वप्रथम गणेशजी को राखी बांधें क्योंकि, विघ्नहर्ता कहा गया है। साथ ही, भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है। ऐसे में उन्हें लाल राखी बांधें।

**भगवान शिव** : रक्षाबंधन पर भगवान शिव को भा राखी अर्पित करनी चाहिए। अगर संभव हो तो उन्हें हरे रंग का रक्षासूत्र बांधें। ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि के संयोग बनते हैं।

**भगवान कृष्ण** : मान्यता है कि श्रीकृष्ण को राखी बांधने से वो आपके मान-सम्मान की रक्षा करते हैं। साथ ही, जीवन की बाधाएं कम हो सकती हैं। कहते हैं प्रभु श्रीकृष्ण को नीले रंग की राखी बांधनी चाहिए।

**हनुमानजी** : कहा जाता है की रक्षाबंधन पर हनुमानजी को राखी बांधने से बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही, उनकी कृपा भी प्राप्त हो सकती है। ऐसे में भगवान हनुमान को लाल या नारंगी रंग की राखी बांधना शुभ माना जाता है।

# रक्षाबंधन की थाली में राखी, कुमकुम समेत रखें ये 11 चीजें

रक्षाबंधन का त्योहार हर साल सावन मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 28 अगस्त, शुक्रवार के दिन पड़ रही है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु, सुरक्षा और मंगल की कामना करती हैं। जिसके लिए रक्षाबंधन के दिन सबसे पहले पूजा की थाली तैयार करके भगवानों को राखी बांधी जाती है। मान्यता है की रक्षाबंधन की थाली में कुछ चीजों को शामिल करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके बिना आपकी पूजा की थाली अधूरी रह सकती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानें पूरी सामग्री लिस्ट और पूजा विधि।



### रक्षाबंधन पूजा थाली सामग्री लिस्ट

#### कुमकुम :

रक्षाबंधन पर बहनें भाई को राखी बांधने से पहले देवी-देवताओं और अपने भाई को तिलक लगाती हैं। ऐसे में पूजा थाली में कुमकुम जरूर रखें।

#### अक्षत :

भाई के माथे पर तिलक के साथ अक्षत भी लगाया जाता है, जिसे देवी लक्ष्मी और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। अक्षत थाली में रखते समय इस बात का ख्याल रखें की वह टूटा हुआ न हो।

#### शुद्ध घी का दीपक :

भाई की नजर उतारने के लिए थाली में दीपक जरूर रखना चाहिए। इसके लिए आप शुद्ध घी अथवा तेल का दीपक प्रज्वलित करके रख सकती हैं।

#### राखी :

रक्षाबंधन पर भाई को रक्षा सूत्र बांधा जाता है। ऐसे में उनके लिए थाली में जरूर रखें। साथ ही, भाई से पहले भगवानों को राखी बांधने का विधान होता है।

#### ताजे पुष्प :

देवी-देवताओं को राखी अर्पित करते समय उनकी पूजा में ताजे पुष्प भी जरूर शामिल करने चाहिए। ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि के संयोग बनते हैं।

#### मिठाई :

भगवान को राखी, दीप, पुष्प आदि अर्पित करने के बाद उन्हें मिठाई का भोग लगाया जाता है। ऐसे में अपने पूजा की थाली में मिठाई शामिल करना न भूलें।

#### काजल :

रक्षाबंधन पर आखों में और कान के पीछे काजल लगाने के भी मान्यता होती है। कहा जाता है कि इससे बुरी नजर से बचाव होता है।

#### पानी से भरा कलश :

भाइयों को मिठाई खिलाने के बाद जल पिलाने के लिए पूजा की थाली में जल से भरा कलश भी जरूर रखें।

#### नारियल :

माना जाता है कि पूजा की थाली में नारियल जरूर रखना चाहिए। इसे शुभ कार्यों में शामिल करना अच्छा माना जाता है।

#### दूर्वा :

मान्यता है कि दूर्वा में अमृत का वास होता है। इसे अक्षत के साथ सिर पर रखना चाहिए। ऐसा दीर्घायु की कामना के लिए किया जाता है।

#### प्रसाद :

पूजा के समय भगवान को चढ़ाया गया प्रसाद अपनी रक्षाबंधन की थाली में जरूर शामिल करना चाहिए। फिर, राखी बांधने के बाद भाई को वह प्रसाद खिलाएं।

### रक्षाबंधन पूजा विधि

1. सावन पूर्णिमा तिथि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करने के बाद साफ वस्त्र धारण करें।
2. नित्यकर्म करने के बाद सबसे पहले पूजा घर में भगवान को प्रणाम करें और अपने कुल देवी-देवताओं का आशीर्वाद लें।
3. पीतल, तांबा या चांदी की थाली में मिठाई, ताजे पुष्प, कुमकुम, अक्षत, राखी आदि सभी सामग्री रखें।
4. विधि-विधान से पूजा करें और सबसे पहले अपने इष्ट देवी-देवताओं को राखी अर्पित करें। इसके बाद, बाल गोपाल, भगवान गणेश, शिव भगवान और हनुमानजी को राखी बांधें।
5. अंत में मिठाई आदि का भोग मंदिर में लगाने के बाद अपने भाई को राखी बांधे। ध्यान रखें की इस दौरान भाई का मुख पूर्व दिशा में होना चाहिए। ऐसा करने से राखी को देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और भाई-बहन के रिश्ते में मिठास बनी रहती है।
6. राखी बंधवाते समय भाई को सिर पर रुमाल और बहन को सिर पर दुपट्टा रखना चाहिए। साथ ही, मंत्र जप करते हुए भाई की कलाई पर राखी बांधें।
7. भाई अपनी बहनों को अंत में वस्त्र, धन या उपहार देकर उन्हें उनकी रक्षा का वचन देते हैं।

New Delhi

# नेपाल में तबाही के बीच भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, आज भेज रहा 35 टन सामान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नेपाल में तिब्बत सीमा के पास आई भीषण फ्लैश फ्लड के बाद भारत ने राहत और बचाव के लिए मदद तेज कर दी है. भारत अब गुरुवार सुबह दिल्ली के हिंडन एयरबेस से C-17 सैन्य परिवहन विमान के जरिए 35 टन से ज्यादा राहत सामग्री नेपाल भेजने जा रहा है. विमान के सुबह करीब 9 बजे रवाना होने की उम्मीद है. यह राहत अभियान भारत की तरफ से भेजी जा रही अतिरिक्त मानवीय सहायता का हिस्सा है.

भारत ने बुधवार रात राहत सामग्री की पहली खेप नेपाल भेजी थी. भारतीय वायुसेना के C-130J विमान से करीब 10 टन मानवीय सहायता और जरूरी



मेडिकल सामान काठमांडू पहुंचाया गया. इसमें अस्थायी आश्रय, कंबल, हाइजीन किट, सोलर लैंप और दवाइयां शामिल थीं।

नेपाल में आई फ्लैश फ्लड से अब तक कम से कम 163 लोगों की मौत की खबर है, जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं. बाढ़ ने नेपाल-तिब्बत सीमा से जुड़े इलाकों में भारी तबाही मचाई है.नकई जगह सड़क, पुल और दूसरी बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हुई हैं.

राहत सामग्री भेजने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से फोन पर बात की थी. पीएम मोदी ने नेपाल के लोगों के प्रति एकजुटता जताते हुए हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया.

New Delhi

### दिल्ली में 21 वर्षीय मॉडल का सनसनीखेज मर्डर

## जिम ट्रेनर इमरान ने घर में घुसकर मुस्कान को चाकू से गोदा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के तिलक नगर में बुधवार रात 21 वर्षीय एक युवती की उसके घर के अंदर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक महिला की पहचान मुस्कान के तौर पर हुई है, जो एक स्टूडेंट और मॉडल थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी उसका जिम ट्रेनर है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, मुस्कान की हत्या उस वक्त हुई जब वह बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर स्थित अपने घर में अकेली थी। मुस्कान पर कथित तौर पर चाकू से हमला करने के बाद आरोपी इमरान मौके से फरार हो गया। मुस्कान की चीखें सुनकर पड़ोसी उसके घर पहुंचे और उसे खून से लथपथ हालत में पाया और उसे अस्पताल ले गए, जहां गंभीर चोटों के चलते उसकी मौत हो गई।

एडिशनल DCP गुप्ता ने कहा कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें काम कर रही हैं।पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और घटनाक्रम का पता लगाने के लिए गहनता से जांच चल रही है। जैसे ही आरोपी के बारे में कई जानकारी मिलेगी, आपको बता दिया जाएगा।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आरोपी और मृतका एक-दूसरे को कुछ समय से जानते थे। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गया और अभी फरार है।

New Delhi

## 'ब्रालेट छोटी सी चीज थी' कृति सेनन के राखी विज्ञापन पर बोलीं कंगना रनौत, राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने एक बार फिर ज्वैलरी ब्रांड के लिए कृति सेनन के रक्षाबंधन विज्ञापन को लेकर हुए विवाद पर बात की है. शुरुआत में कृति के आउटफिट पर आपत्ति जताने के बाद कंगना ने अब समझाया है कि उन्हें इस विज्ञापन से आपत्ति क्यों थी. उनका कहना है कि मुद्दा सिर्फ एक्ट्रेस के आउटफिट का नहीं, बल्कि त्योहार की पेशकश का तरीका था. आलोचना के बाद ज्वैलरी ब्रांड ने यह विज्ञापन वापस ले लिया है. कंगना ने कृति के आउटफिट के बारे में कहा, उन्हें कौन रोक रहा है कुछ भी पहनने से? किसने उन्हें आज तक रोका है? किसी को क्या पड़ी है कि वो क्या पहनकर आती हैं. कंगना से पूछा गया कि क्या यही कृति ईद पर ऐसे कपड़े पहनकर पोस्ट डाल सकती हैं. कंगना ने कहा कि वहां तो फिर भी आप अपने कजिन से शादी कर सकते हैं. हिंदुओं के रिश्तों में ज्यादा 'गरिमा' और 'सीमाएं' होती भी बातचीत के दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा. डिकोड को दिए इंटरव्यू में कंगना ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कृति का सपोर्ट करने पर भी सवाल उठाए. उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी के पोस्ट में रक्षाबंधन का जिक्र क्यों नहीं किया गया. उन्होंने कहा, एक महिला रक्षाबंधन पर जो चाहती है, वो पहन सकती है. लेकिन रक्षाबंधन एक सभ्यता का धार्मिक एक्सप्रेशन है.

Uttarpradesh

### ● पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा

## पीछे से ट्रक ने बस में मारी जोरदार टक्कर तीन यात्रियों की मौत और 11 घायल

**लखनऊ, (एजेंसी)** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। बल्दीराय थाना क्षेत्र के टेरी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने गुड़गांव से बिहार जा रही निजी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रभात सिंह, सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार और थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे और घायल यात्रियों को बाहर निकलवाया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय



पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए कुमारगंज के पीठला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले तीन यात्रियों के शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

खेल

# सिर्फ 16 रन की लीड और हाथ में 4 विकेट श्रीलंका को 5वें दिन कौन बचाएगा

**कोलंबो, (एजेंसी) भारतीय टीम सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में जारी दूसरे टेस्ट मैच में जीत के बेहद करीब है। बुधवार को चौथे दिन का खेल बारिश के चलते जल्द खत्म हो गया। दिन की समाप्ति तक श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 229 रन बना लिए हैं। यहां से श्रीलंका के पास सिर्फ 16 रन की लीड है। ऐसे में भारत मुकाबले के अंतिम दिन श्रीलंकाई टीम को जल्द समेटकर जीत के गोल्डन चांस को भुनाने उतरेगा।**



टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी 503/9 के स्कोर पर घोषित की। टीम इंडिया ने 66 रन तक केएल राहुल (18) और यशस्वी जायसवाल (45) के विकेट गंवा दिए थे। यहां से देवदत्त पड्डिकल ने कप्तान शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। शुभमन 6 चौकों के साथ 50 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद पड्डिकल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने रविंद्र जडेजा (43) के साथ 74 रन की साझेदारी करते हुए भारत को 281 के स्कोर तक पहुंचाया। पड्डिकल 193 गेंदों में 117 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 12 चौके शामिल रहे।

पहले दिन बल्लेबाजी के दौरान चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट होने वाले ऋषभ पंत दूसरे दिन के पहले सेशन में फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ 112 रन जुटाकर टीम को 400 के पार पहुंचा दिया। पंत भारत के खाते में 63 रन जोड़कर वापस लौटे, जिसके बाद जुरेल ने 2 छक्कों और 9 चौकों के साथ 115 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को 503 के स्कोर तक पहुंचाया। मेजबान टीम की तरफ से असिथा फर्नांडो ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि प्रभात जयसूर्या और केशरा नुवानथा को 2-2 विकेट हाथ लगे।

इसके जवाब में श्रीलंका की पहली पारी 290 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 35 के स्कोर तक 3 विकेट खो दिए थे, जिसके बाद पसिंदु सूरियाबंदारा ने कामिंदु मेंडिस के साथ चौथे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शतक के पार पहुंचाया। कामिंदु 32 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पसिंदु ने 9 चौकों के साथ 80 रन टीम के खाते में जोड़े। इसके बाद सोनल दिनुषा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने केशरा नुवानथा के साथ 57 रन, जबकि लाहिरू कुमारा के साथ 58 रन की साझेदारी की। सोनल (103) टीम को फॉलोऑन बचाने के बेहद करीब लेकर गए, लेकिन श्रीलंका इससे सिर्फ 14 रन पीछे रह गई।

भारत के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि सारांश जैन ने 2 शिकार किए। इनके अलावा, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा को 1-1 विकेट हाथ लगा।

सिनेमा

## कृति सेनन के राखी विज्ञापन विवाद पर सोनू निगम का फर्जी बयान वायरल, पोस्ट देख भड़के- ये मैं नहीं हूं



एक्ट्रेस कृति सेनन के हाल ही आए रक्षाबंधन वाले विज्ञापन पर खूब विवाद हुआ। कंगना रनौत समेत कई लोगों ने एक्ट्रेस के साथ-साथ जूलरी ब्रांड पर भी गुस्सा निकाला, जिसके बाद विज्ञापन को हटा लिया गया। इस मामले पर सिंगर सोनू निगम के कमेंट करने की भी बात सामने आई और उनका एक बयान भी वायरल हुआ, जिसमें कथित तौर पर कहा कि हिंदू सहनशील होते हैं, उनके संयम की परीक्षा मत लीजिए। लेकिन यह पूरी तरह फेक है। सोनू निगम ने तो ऐसा कोई बयान दिया है और ना ही उन्होंने कृति सेनन के विज्ञापन पर रिएक्ट किया है। सिंगर ने खुद इसका खंडन किया है और सोशल मीडिया पोस्ट में क्लैरिफिकेशन दिया है। सोनू निगम का कहना है कि गलत तरीके से उनके एक बयान को उनसे जोड़कर बता दिया, जो उन्होंने दिया ही नहीं है। सिंगर के मुताबिक, वह ऐसा कभी बोल ही नहीं सकते, और जिस सोशल मीडिया अकाउंट से सोनू का बयान लिया गया है, वो उनका है ही नहीं। सोनू निगम का यह स्पष्टीकरण तब आया, जब एक पोस्ट में यह दावा किया गया कि उन्होंनेकृति सेनन के राखी विज्ञापन से जुड़े विवाद पर प्रतिक्रिया दी थी।

## Highlights

1. **32-member Kolkata group untraceable amid Nepal flash floods**
2. **Diner spots cockroach inside chiller at The Big Chill Cafe in Delhi, shares video**
3. **Ankit Baliyan's mother stages protest with son's body after singer was shot dead**
4. **BJP praises 'Jhooth ki Goonj' site fact-checking data shared by Rahul**

# E10 petrol may make a comeback – but as a premium fuel : Report

**NEW DELHI, (Agency).** The government is exploring whether premium petrol brands such as Indian Oil's XP95, Bharat Petroleum's SPEED and Hindustan Petroleum's Power95 can be sold with a 10% ethanol blend, as it looks for a way to offer an E10 option to owners of older vehicles without creating separate fuel infrastructure, according to an exclusive report by LiveMint.

The petroleum ministry is discussing the proposal with state-run oil marketing companies (OMCs) Indian Oil Corporation, Bharat Petroleum Corporation and Hindustan Petroleum Corporation, three people aware of the discussions told Mint. The discussions are at an early stage and no final decision has been taken, the report said.

The proposal comes amid persistent concerns among motorists about the impact of




E20 petrol on older vehicles and fuel economy. E20 contains 20% ethanol and is now the standard petrol blend at fuel stations across India.

Under the proposal being examined, premium 95-octane petrol could be offered as E10, giving owners of older vehicles access to a lower-ethanol fuel while using infrastructure that is already available for premium petrol. "Options are being looked at in order to offer the more appropriate E10 fuel for older vehicles and allay the consumer concerns," one person cited by Mint said. The person added that 95-octane petrol, which is sold at a premium, is among the options being considered.

A second person said the government and OMCs were assessing whether consumers would prefer a premium E10 fuel or a cheaper, regular E10 option.

Confidential Investigation & all type of Detective services

Successful Journey
Since 2002...



आँख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।

सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...

कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

9111050101
9111050101
7312433667

मुंबई, पुणे और दिल्ली रूट की ट्रेनें फुल

# राखी पर्व के कारण ट्रेनों और बसों में यात्रियों का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राखी के त्योहार को देखते हुए ट्रेन और बसों से एक शहर से दूसरे शहर तक जाना मुश्किल हो रहा है। इंदौर से दूसरे शहरों तक जाने वाली सभी ट्रेनें पैक हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा यात्री दिल्ली, मुंबई और पुणे से आते हैं। इन रूटों की बसों के किराए में भी 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो गई है।**

इंदौर रेलवे स्टेशन पर आम दिनों की तुलना में भीड़ ज्यादा दिखाई दे रही है। राखी पर्व पर कई परिवार अपने घर आते हैं। इस कारण ट्रेनों में बुकिंग आसानी से नहीं मिल पा रही है। इंदौर से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और




दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सीटें खाली नहीं हैं। बुधवार से अगले सोमवार तक इंदौर से जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। वेटिंग 100 से ऊपर पहुंच रही है।जिन लोगों के टिकट कन्फर्म नहीं हो पाए हैं, वे दूसरे विकल्पों से जाने पर विचार कर रहे हैं। राखी के बाद दो दिन की छुट्टी होने की वजह से लोग त्योहार पर अपने घर लौटना चाहते हैं। इस कारण ट्रेनों में यात्रियों का दबाव ज्यादा है। इंदौर से टिकट नहीं होने की स्थिति में लोग भोपाल या दूसरे शहरों से कन्फर्म टिकट बुक करा रहे हैं।

उधर, सीहोर में कथाकार प्रदीप मिश्रा द्वारा कराए जा रहे धार्मिक आयोजन के कारण भी ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। लोग ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सड़क के बजाय ट्रेन से सफर करना सुविधाजनक मान रहे हैं।इंदौर से हर दिन सुबह चलने वाली वंदे भारत ट्रेन में आमतौर पर टिकट आसानी से मिल जाता है, लेकिन बीते तीन दिनों से इस ट्रेन में भी कन्फर्म सीट नहीं मिल पा रही है।

# नाबालिग से दरिंदगी आरोपी को 20 साल सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में इंदौर की डॉ. अंबेडकर नगर अदालत ने आरोपी को सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. अंबेडकर नगर ने आरोपी गोकुल (21) निवासी इंदौर को दो अलग-अलग धाराओं में 20-20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।**

कोर्ट ने आरोपी पर कुल 12 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि 24 अगस्त 2026 को थाना बड़गोंदा के विशेष प्रकरण क्रमांक 01/2026 में फैसला सुनाया



गया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक ज्योति अजमेरा ने पैरवी की। पीड़िता के पिता ने 4 अक्टूबर 2025 को बड़गोंदा थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी 3 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम 4 बजे तक वापस नहीं लौटी। स्कूल में छुट्टी होने के कारण वहां भी ताला लगा मिला।

# पेंट की जेब में एमडी ड्रग्स लेकर घूमता मिला बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ फैजान उर्फ बारीक को गिरफ्तार किया। ड्रग्स की अनुमानित कीमत 5.20 लाख रुपए है। आरोपी पर पहले से 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अब टीम उसके नेटवर्क का पता लगा रही है। बुधवार को क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा किया।**

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक सूचना मिलने पर टीम मंगलवार को डी.आर.पी.लाइन अस्पताल के सामने, शांतिपथ रोड पहुंची। यहां टीम बदमाश की तलाश करने लगी। टीम को युवक संदिग्ध हालत में खड़ा नजर आया। तुरंत घेराबंदी की और बदमाश को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम फैजान उर्फ बारीक निवासी सदर बाजार बताया। तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब में 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स (मेफेड्रॉन) मिली, जिसकी अनुमानित कीमत 5.20 लाख है।पूछताछ में पता चला कि वह 7वीं क्लास तक पढ़ा हुआ है और इलेक्ट्रॉनिक हीटर बनाने का काम करता है। टीम उससे पूरे नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है। टीम को ये जानकारी भी मिली है कि फैजान पर 2020 से 2025 के बीच 12 आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।क्राइम ब्रांच इंदौर 1 जनवरी 2026 से अब तक एनडीपीएस एक्ट के 62 मामलों में टीम 127 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन कार्रवाई में 2.95816 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 28.338 किलोग्राम गांजा, 500 किलोग्राम भांग, 268.58 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन सहित 3.57 करोड़ कीमत के मादक पदार्थ और गाड़ियां जब्त किए जा चुके हैं।

# इनोवा ने मारी पांच लोगों को टक्कर, एक की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में एक बेकाबू इनोवा वाहन ने चार दोपहिया वाहनों और एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। हादसा राऊ क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि वाहन की रफ्तार तेज थी। चालक उसे काबू नहीं कर पाया और एक के बाद एक पांच लोगों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ा। इसके बाद वाहन ट्रैक्टर से टकराकर रुका। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर उसे उनके हवाले कर दिया।सड़क पर दर्द से तड़प रहे घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों ने एंबुलेंस को फोन किए। इस बीच पुलिस के वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। राहगीरों की मदद से घायलों को वाहनों में बैठाकर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए भेजा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने हादसे को नशे की हालत में अंजाम दिया या इसके पीछे कोई और वजह थी।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....
व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....
कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...
जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।
समाज में जागरुकता फैलाये ।
FOLLOW US
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक